हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 5 अगस्त 2025

06 ट्रांसपोर्टर के ड्राइवर से लूट की घटना का पुलिस ने...



07 हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद में प्रत्येक...






## खबर संक्षेप

### आशीष गुप्ता को किया अग्रश्री सम्मान से सम्मानित



**सीहोर।** राजधानी भोपाल की सामाजिक क्षेत्र में सक्रीय एवं मातृशक्ति के प्रतिनिधत्वि की अग्रणी संस्था संस्कार सुधा फाउण्डेशन एवं मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा के बेनरतले आयोजित सतरंगी सावन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभाओं ने अपनी कला की छाप बिखेरी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले युवा समाजसेवियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें नगर के युवा समाजसेवी एवं हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता की समाज के प्रति सेवा व समर्पण की भावना को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें अग्रश्री सम्मान से राज्यसभा सांसद रघुनन्दन शर्मा एवं वरिष्ठ समाजसेवी गोविन्द गोयल, संस्कार सुधा फाउण्डेशन के अध्यक्ष रशमी अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल ने पुष्पमाला एवं अग्रवस्त्र पहनाकर व स्मृति प्रदान कर सम्मानित किया। श्री गुप्ता को अग्रश्री सम्मान से सम्मानित करने पर इश्ट मित्रों ने बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

### कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर** । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। बता दें कि पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत कोई पेंशनर साल के जिस महीने में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे, अगले साल इसी महीने में उन्हें अगला प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य


**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया है।

## भक्तों ने 1111 शिवलिंगों के पूजन का दुर्लभ पुण्य लाभ किया प्राप्त

# गोंदलमऊ में निकली नीलकंठेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी, बम-बम भोले के गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को आस्था और भक्ति का अनुपम संगम ग्राम गोंदलमऊ में देखने को मिला। जब नीलकंठेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी निकाली गई। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था परंपरा और पुण्य का अनूठा अवसर बन गया। इस दौरान नीलकंठेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया था। नगर से 17 किलोमीटर दक्षिण दिशा में स्थित गोंदलमऊ ग्राम का प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर धार्मिक मान्यताओं और ऐतिहासिक विशेषताओं के कारण विशेष महत्त्व रखता है। मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर 1111 छोटे शिवलिंगों की अद्भुत आकृतियाँ स्वयंभू रूप में उभरी हुई हैं, जिसके दर्शन के लिए दूर-दराज़ से श्रद्धालु यहाँ पहुँचते हैं। सोमवार को मंदिर प्रांगण से ग्राम भ्रमण के लिए भगवान नीलकंठेश्वर की प्रतिमा को शाही ढंग से सजा कर पालकी में विराजमान कर निकाला गया। बैंड-बाजों ढोल-नगाड़ों और शिवभक्तों की जयकारों के बीच यह सवारी पूरे ग्राम में भ्रमण करती रही। भक्तों ने जगह-जगह भगवान की आरती उतारी और पुष्पवर्षा की। विशेष बात यह रही कि इस दिन 1111 शिवलिंगों के पूजन का पुण्य लाभ





श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत दुर्लभ और फलदायी माना जाता है।

## सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

**नलखेड़ा।** सावन मास के अंतिम सोमवार को नगर के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भीड़ अल सुबह से ही लग गई थी ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भक्तों का सैलाब उमड़ रहा हो। भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर अभिषेक किए गए तो इस दौरान भक्तों द्वारा भोले के भजनों की प्रस्तुति भी मंदिरों में दी गई। मंदिर परिसर ॐ नमः शिवाय हर हर महादेव के साथ शिव मंत्रों के उच्चारण से गुंजायमान हो रहे थे। नगर के प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर जालेश्वर महादेव मंदिर लालूखेड़ी इच्छापूर्ति महादेव मंदिर त्रयम्बकेश्वर महादेव मंदिर सहित कई शिव मंदिरों में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भक्तो की भीड़ उमड़ी जहां उनके द्वारा भगवान भोलेनाथ को अतिप्रिय लगने वाली वस्तुएँ बिलपत्र धतूरा नैवेध पुष्प आदि अर्पण कर हल्दी व चंदन से पूजा कर घी के दीप प्रज्वलित किए गए। कईं भक्तो द्वारा भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक भी किया गया। कई भक्तों द्वारा कावड़ में जल भरकर शिवालयों में पहुंचकर बाबा का अभिषेक भी किया।



## महिला मंडल ने निकाली कांवड़ यात्रा, कनकेश्वर बाबा का किया जलाभिषेक



**कानड़।** सावन के पवित्र महीने में भोले की बाबा की भक्ति में हर कोई लीन है कोई बाबा को भजनों से तो कोई बेलपत्र,दूध, पंचामृत से से अभिषेक कर तो कोई कावड़ लेकर शिव का जलाभिषेक कर भोले को प्रसन्न कर रहे हैं। इसी के चलते हरियाली भरे सावन के महीने में नगर की महिलाओं ने हरी चूड़ी पहन कर कावड़ यात्रा निकाल कर कनकेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। कावड़ यात्रा नगर के बाबा भूतेश्वर महादेव शिव डोर से शुरू हुई जो कानड़ नगर प्रमुख मार्गो से होते हुए पुराने बस स्टैण्ड स्थित कनकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां महिला मंडल द्वारा बाबा कनकेश्वर महादेव को कावड़ का जल अर्पित किया गया ।इस अवसर पर मंगू बाई आर्य,विजयलक्ष्मी माली,नीलम शर्मा, मंजू राठौर,रेखा चावड़ा,मीना सोनी,रेखा शर्मासीमा सोनी गायत्री सोनी आदि महिला मंडल उपस्थित थीं।



## पशुपतिनाथ महादेव के दर्शन करने लग रही भीड़

**कानड़।** सावन के इस पावन पर्व पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के भी शिव मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है वह नगर से नैन्यखेड़ी रतनपूरा गांव शिवगढ़ रोड़ पर स्थित श्री पशुपतिनाथ महादेव का दिव्या एवं अद्भुत आलोकिक श्रृंगार किया गया सावन महीने में शिव मंदिरों में कल सुबह सही भक्तों की भीड़ देखी जा रही है।



# 24 तीर्थंकरों की माता का स्टेज कार्यक्रम हुआ

## नृत्य के साथ सुंदर प्रस्तुतियां दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय जैन आराधना भवन में जैन धर्म के 24 तीर्थकरो की माता द्वारा नृत्य के साथ परमात्मा के जीवन पर आधारित सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन व महिलाएं उपस्थित थी। जैन आराधना भवन में 24 तीर्थंकरों की माताओं का स्टेज कार्यक्रम शनिवार रात्रि को हुआ। प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ से लेकर अंतिम 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की माता का रोल अदाकर समाज की महिलाओं (बहूओ) द्वारा परमात्मा के जन्म के पूर्व तथा जन्म के बाद का दृष्टांत का वर्णन कर परमात्मा का नामकरण कैसे हुआ इस पर नृत्य के साथ सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ की जन्मस्थली काशी बनारस, राजा अश्वसेन का राज दरबार, माता वामादेवी की रत्न कुक्षी से प्रभु पार्श्वनाथ का जन्म, प्रभु के जन्मोत्सव की खुशियां जैसे दृश्य पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति भी स्टेज के माध्यम से दी गई।



इसमें अश्वसेन राजा, वामा देवी, प्रियवंदा दासी, महामंत्री, परमात्मा की बुआ सा, द्वारपाल, ज्योतिषाचार्य, पंडित आदि पात्रों के द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। जिसकी बड़ी संख्या में उपस्थित समाजजनों द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान पांच लकी ड्रा का भी आयोजन रखा गया था। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण कल्याण का त्रिदिवसीय महोत्सव मनाया गया इसमें संचालन करने के लिए कुशल संचालिका मीना प्रमोद कोठरी भोपाल उपस्थित रही। जिनके द्वारा तीन दिवसीय सभी कार्यक्रमों की धार्मिक भजनों के साथ शानदार प्रस्तुतियां करवाई गई।

# मासांत अभ्यास वर्ग व विदाई समारोह का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सरस्वती शिशु मंदिर धरोला में नलखेड़ा संकुल के आचार्य दीदियों का मासान्त वर्ग का आयोजन रविवार को किया गया। वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर सुखदेव बैरागी थे अध्यक्षता राधेश्याम पाटीदार द्वारा की गई। विशेष अतिथि प्रधानाचार्य भैसोदा रमेश बैरागी रहे। मुख्य अतिथि द्वारा हमारी गौरवशाली परम्परा विषय पर विभिन्न पुरातन घटनाओं के माध्यम से मार्गदर्शन किया। भारतवर्ष की महानतम ज्ञान परंपरा के बारे में विस्तृत से बताया गया। प्रथम सत्र का संचालन अनिल शर्मा द्वारा किया गया। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि समिति सदस्य तरुण राठौर थे एवं अध्यक्षता प्रधानाचार्य नलखेड़ा अशोक प्रजापति द्वारा की गई। मुख्य अतिथि द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के बारे बताया गया तथा अपने शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए एफएलएन के प्रयोग का उपयोग करने के लिए कहा। तृतीय सत्र में शासकीय शिक्षक सुईगांव मुकेश लोहार का आतिथ्य प्राप्त हुआ। श्री लोहार द्वारा एक सही शिक्षक की परिभाषा को बताया गया तथा जीवविज्ञान विषय से संबंधित शिक्षण के बारे में मार्गदर्शन किया गया। नलखेड़ा शिक्षण समिति के व्यवस्थापक गिरिराज तेजरा द्वारा आभार व्यक्त किया। अंत में मोहन बड़ोदिया के प्राचार्य राधेश्याम अंसल का विदाई समारोह प्रारंभ हुआ। श्री अंसल विगत 7 वर्षो से धरोला शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे। वर्तमान में मोहन बड़ोदिया शिशु मंदिर में प्राचार्य के रूप मे सेवा दे रहे। समारोह की अध्यक्षता मोतीसिंह सोलंकी द्वारा की गई। मुख्य अतिथि गोविंद वेदिया थे। मुख्य अतिथि श्री वेदिया द्वारा श्री अंसल के कार्यकाल के बारे में अनुभव कथन कहे गए। श्री अंसल का स्वागत कर प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। शहीद सिद्धनाथ तेजरा शिक्षण समिति धरोला के व्यवस्थापक रामेश्वर तेजरा द्वारा संपूर्ण वर्ग की गतिविधियों के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गई। आभार नलखेड़ा के प्राचार्य ईश्वर सोलंकी ने माना।




## दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन, भक्तों की उमड़ रही भीड़

# संगति बिगाड़ने पर जीवन में विसंगति आती है: विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

भौतिक चकाचौंध हमारा संसार बढ़ाने वाला है। संसार, शरीर भोग से उदासीनता बनाए रखना चाहिए। संगति बिगाड़ने पर विसंगति आती है। जीवन में श्रेष्ठ विचार रहना चाहिए। मोबाइल पर विकथा पढ़कर हम भटकने लग जाते हैं। श्रद्धा के साथ नवकार मंत्र का ध्यान करने से दुःख, संकट दूर होकर सिद्धि की प्राप्ति होती है। दिगंबर जैन समाज के चल रहे चातुर्मास के दौरान गणधर मुनि 108 विवर्धन सागर जी महाराज, मुनि प्रवर्तक विश्व नायक सागर जी ने अपने प्रवचन के दौरान यहां विचार व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि आदि ब्रह्म ऋषभदेव से वर्धमान भगवान तक 24 तीर्थंकर हुए। जैन धर्म का कोई संस्थापक नहीं है। जैन धर्म का कभी अंत नहीं होता है। रत्नत्रय से ही स्वात्मा की उपलब्धि प्राप्त होगी। जीव, अजीव, धर्म, अधर्म, आकाश, काल इन 6 द्रव्यो पर श्रद्धा ही सम्यक दर्शन है। सम्यक दर्शन आठ अंगों से निर्मल होता है। अनेकांत व स्याहवाद से जैन धर्म में कथन कहां है। कथन के कारण जिनवाणी में शंका नहीं होना चाहिए एक ही वस्तु की अनेक प्रकार से व्याख्या की जाती है। निशंक अंग के अंतर्गत हमारे मन में जिन धर्म के प्रति कोई शंका नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिथ्यादृष्टि को संसार के कार्य में ही आनंद आता है। वहीं सम्यक दृष्टि जीव की सोच अलग रहती है। सबको अपनी-अपनी पहचान कर लेना चाहिए कि किसको कौन से कार्य में आनंद आ रहा है। अपना आंकलन स्वयं कर लेना। कभी जिन वचनों पर शंका नहीं करना चाहिए। स्वर्ग,



नरक में शंका करना मतलब अभी हमारे सम्यक दर्शन में कमी है। संसार, शरीर भोग से उदासीनता बनाए रखना चाहिए। भौतिक चकाचौंध से संसार बढ़ेगा। मुनि श्री ने कहा कि संगति बिगाड़ने पर विसंगति आती है। अंजन चोर राजकुमार था पर गलत संगति में पढ़ने पर पिता भी चिंता में पड़ जाते हैं। और अपने पुत्र अंजन चोर को राज्य से बाहर निकाल देते हैं। मित्र बनाने से पहले उसका आचरण देख लेना चाहिए। अंजन चोर वेश्यागमन व चोरी करने लग जाता है। जैसी दृष्टि होगी वैसे ही मार्ग पर हम चलने लगेंगे। उन्होंने कहा कि जीवन में श्रेष्ठ विचार रहना चाहिए मोबाइल पर विकथा पढ़कर हम भटकने लग जाते हैं। अगर मन निर्मल है तो हम योग्य साहित्य ही पड़ेंगे। हमें पर स्त्री व पर पुरुष के प्रति कभी आसक्त नहीं होना चाहिए। पुरुषों को स्वदारा संतोषी होना चाहिए। मुनि श्री ने कहाकि निःशंकित अंग पर श्रद्धा करने से अंजन चोर जो की चोरी व वेश्यागमन करने वाला था। वहां भी मोक्ष मार्ग पर चल देता है। उन्होंने कहा कि सम्यक दृष्टि जीव सात व्यसनों से मुक्त रहता है। वहां संसार से उदासीन रहता है। सम्यक दृष्टि गृहस्थ में रहकर भी उनसे उदासीन रहता है। भरत चक्रवर्ती के पास एक साथ तीन समाचार आते हैं पहला पुत्र रत्न की उत्पत्ति, दूसरा आदिनाथ जी को केवल ज्ञान प्राप्त हो गया। तीसरा चक्र रत्न की प्राप्ति। उन्होंने सोचा कि पहले भगवान की दिव्य वाणी सुनना चाहिए। अज्ञानी सोचता है पहले पुत्र का मुख देखना चाहिए। लेकिन सम्यक दृष्टि भगवान की दिव्य ध्वनि सुनने जाता है। भरत चक्रवर्ती के नियोग से भगवान की दिव्य ध्वनि बिखरने लगती है फिर अपने पुत्र का मुख देखते हैं। पश्चात चक्र रत्न के द्वारा दिग्विजय के लिए जाना चाहते हैं। वहां सोचते हैं कि हमारी प्रजा को भगवान की दिव्य दृष्टि सुनने का सौभाग्य मिलेगा। यहां सम्यक दृष्टि की सोच रहती है जबकि मिथ्या दृष्टि को संसार के कार्य में ही आनंद आता है।

खबर संक्षेप

## कारगिल विजय दिवस पर हुआ आयोजन

**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. जी.डी. सोनी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस देवास के प्राचार्य डॉ.एस.पी.एस राणा मुख्य अतिथि एवं डॉ. संजय घाडगे एन.सी.सी ऑफिसर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. राणा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 26 जुलाई 1999 का दिन प्रत्येक भारतीय के लिए सम्मान का दिन है, हमारी भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस एवं वीरता के बल पर विजय हासिल की। समस्त भारतीयों को सैनिकों को एवं शहीदों का ऋणी रहना चाहिए क्योंकि वह सरहद पर देश की रक्षा कर रहे हैं इसलिए आज हम अपने घरों में सुरक्षित एवं सुखी है। डॉ संजय घाडगे ने पी.पी.टी. के माध्यम से कारगिल विजय की एक-एक गतिविधियों को व्याख्यान एवं चित्रों के माध्यम से बताया। विशिष्ट अतिथि ने अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि वह उन सैनिकों से मिले जिन्होंने कारगिल विजय में अपना योगदान दिया था। प्राचार्य डॉ. जी.डी सोनी ने कारगिल विजय दिवस की सभी को बधाइयां प्रेषित की। महाविद्यालय की छात्राओं ने कारगिल विजय दिवस से संबंधित पोस्टर बनाकर देशभक्ति की भावनाओं को व्यक्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रियांशी, ऋषिका चंद्रवंशी, खुशबू प्रजापत, कोमल यादव, रोमा कारपेंटर, शारदा शिंदे, स्वाती नरवरिया, महकदीप नेरनिया, आरती कारपेंटर, दीपिका बागवान, मनीषा असवाल, सोपनिका सिलोदिया, माही शेख, रिंकू यादव, ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने कारगिल विजय दिवस से संबंधित डॉक्युमेंट्री फिल्म देखी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शर्मिला कांटे ने किया एवं आभार प्रमोद परिहार द्वारा व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ से प्रो. चारुशीला भोसले डॉ.उज्ज्वला बाबर, प्रो.शर्मिला काटे, प्रो.अनीता भाना, प्रो.लोकेश जारवाल, प्रीती तगाया, डॉ.वर्षा जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे कैमरों की मदद से पुलिस को मिली दो सफलता

# ट्रांसपोर्टर के ड्राइवर से लूट की घटना का पुलिस ने तीन घंटे में किया पर्दाफाश

### पुलिस कम्युनिटी व्हाट्सअप ग्रुप व पुराने आपराधिक रिकॉर्ड के माध्यम से आरोपियों की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे कैमरों की मदद से थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रांसपोर्टर के ड्राइवर से के साथ लूट की घटना का पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा किया है। पुलिस कम्युनिटी व्हाट्सअप ग्रुप व पुराने आपराधिक रिकॉर्ड के माध्यम से आरोपी की पहचान जल्द हो पाई है। रविवार को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे ट्रक क्रमांक एनल 01एन 1822 से नासिक महाराष्ट्र से गुड़गांव हरियाणा की ओर जा रहे थे। रात लगभग 08:15 बजे पालनगर टोल टैक्स के आगे सड़क किनारे ट्रक रोककर पेशाब करने के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ट्रक में चढ़ गया और पर्स की मांग करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट कर पर्स छीन लिया और उसमें रखे 6500 लेकर फरार हो गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास में अपराध क्रमांक 711/2025 धारा 309(6) बी.एन.एस. 2023 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। फरियादी द्वारा बताए गए आरोपी के हुलिए के आधार पर पुलिस टीम ने पुराने अपराधियों के फोटो दिखाए जिनमें से एक की स्पष्ट पहचान की गई। आरोपी की पहचान रवि पिता मूलचंद मालवीय निवासी संजय नगर देवास के रूप में हुई। विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस



टीम ने अमोना क्षेत्र में दबिश देकर मात्र तीन घंटे के भीतर आरोपी रवि मालवीय उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार कर लूट की रकम तथा अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी थाना औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकान्त चौरसिया, प्रआर किशोर जाटवा,आर अजय जाट,लक्ष्मीकांत,अर्पित जायसवाल, यशपाल की सराहनीय भूमिका रही।

### शातिर नकबजन को किया गिरफ्तार

शातिर नकबजन को सीसीटीवी कैमरों की मदद से 20 घंटे में थाना औद्योगिक पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। शनिवार को फरियादी ने थाना औद्योगिक क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 जुलाई की रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी कंपनी ₹जाजू सर्जिकल प्रा. लि., अमोना, देवास₹ के गोदाम में घुसकर लोहे के पार्ट्स एवं कॉपर वायर स्ट्रिप चोरी कर ले गया। उक्त रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास में अपराध क्रमांक 706/2025, धारा 305(ए), 331(4) बी.एन.एस.




2023 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। जिसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया गया एवं 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। आरोपी का हुलिया पहचान कर उसे पुलिस कम्युनिटी व्हाट्सएप ग्रुप में प्रसारित किया गया। रविवार को मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी महिवाल उर्फ लाला पिता मोहम्मद नजीर पठान उम्र 35 वर्ष निवासी गांधी ग्राम बल्डा खजराना इंदौर हाल निवासी रसूलपुर देवास को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध नकबजनी, लूट आदि के कुल 10 आपराधिक प्रकरण पूर्व से पंजीबद्ध हैं। पुलिस रिमांड प्राप्त कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक श्री शशिकांत चौरसिया,प्रआर किशोर जाटवा,आर अजय जाट,आर लक्ष्मीकांत,आर अर्पित जायसवाल,आर यशपाल की सराहनीय भूमिका रही।

# आम आदमी पार्टी ने किया शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन

### महंगाई, भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाई आवाज




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विधानसभा क्षेत्र 172 के अंतर्गत हाटपीपल्या मंडी प्रांगण में आम आदमी पार्टी द्वारा शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का आयोजन हाटपीपल्या के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह भीलवाड़ा के नेतृत्व में किया गया। धरने का मुख्य उद्देश्य बढ़ती महंगाई, विभिन्न विभागों में फैले व्यापम घोटाले जैसे भ्रष्टाचार, अनियमित बिजली बिल, और अतिक्रमण के नाम पर गरीबों को परेशान करने जैसी समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाना रहा।

आयोजित हुए कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी सतीश मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रदेश सह-संयोजक सुनील सिंह ठाकुर और जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष आर.पी. झाला की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी चुनावों के लिए रणनीति बनाई गई और ग्रामीण संगठन को सशक्त बनाने पर बल दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सुनील सिंह ठाकुर ने कहा कि देश में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। आम आदमी की आवाज को सुनने वाला कोई नहीं है। इस अवसर पर हुकुम सिंह, दीपक मालवीय, इंजीनियर जाकिर खान, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राठौड़, सोनकच्छ जिला उपाध्यक्ष संतोष जाट, ब्लॉक अध्यक्ष सूरज सिंह राठौड़, रोहित बोडाना, शिव पाटीदार, राजेश सोलंकी, विजय माली सहित देवास जिले के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गणेश मंदिर पर हुआ महादेव का श्रृंगार



**देवास।** राजाराम नगर गणेश मंदिर परिसर में स्थित श्री गणेश्वर महादेव का श्रावण सोमवार पर समिति के अशोक चौधरी, पंडित दिव्यांश जोशी, हर्ष वर्मा, बुलबुल चौहान ने बाबा का भव्य श्रृंगार किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा का मनमोहक रूप निहारा। मंदिर परिसर के बगीचे में महिलाओं ने सावन के झूलों का आनंद उठाया। गणेश महिला मंडल द्वारा पूरे माह रामायण पाठ के पश्चात भजनों की प्रस्तुति दी जाती है। रविवार को निकली कावड यात्रा में महिलाओं पुरूषों ने सम्मिलित होकर कावड यात्रा को सफल बनाया।

### शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**देवास।** सावन माह के अंतिम सोमवार को देवास और आसपास के शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भगवान शिव का विशेष श्रृंगार, आरती और धार्मिक आयोजनों की धूम रही। बिलावली स्थित महाकाल बाबा मंदिर से भगवान महाकाल की शाही सवारी निकाली गई। पालकी में विराजमान भगवान शिव नगर भ्रमण पर निकले। ग्रामीणों की मान्यता के अनुसार, भगवान महाकाल स्वयं भक्तों का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण करते हैं। इस अवसर पर आकर्षक बर्फ की झांकी भी बनाई गई और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। नगर भ्रमण के पश्चात मंदिर में विशेष आरती का आयोजन हुआ। शाम को भजन संध्या और सुंदरकांड का पाठ हुआ।

### मां चामुंडा के दरबार में जयकारा लगाने वाली रामकन्या बाई पवार का निधन



**देवास।** स्थानीय बड़ा बाजार निवासी मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा की अनन्य भक्त प्रतिदिन मां के दरबार में सुबह 5 बजे से आकर माता रानी के जयकारे लगाने वाली समाजसेवीका चिन्तामनजी की पत्नी, मनोज व नरेंद्र की माताजी रामकन्या बाई पवार का निधन हो गया। उनके निधन पर मां चामुंडा सेवा समिति के समाजसेवी रामेश्वर जलोदिया, नरेंद्र मिश्रा, उम्मेदसिंह राठौड़, दिनेश सांवलिया, इंदर सिंह गौड़, सुरेंद्र सिंह तोमर, अनिल तंवर, समिति की मातृशक्ति सहित सामाजिक व धार्मिक संस्था पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### उज्जैन चौराहा स्थित एचपीसीएल पेट्रोल पंप के संचालन की एनओसी निरस्त

**देवास।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी देवास ने पेट्रोलियम नियम 2002 के नियम 144 के तहत देवास में उज्जैन चौराहा स्थित एचपीसीएल पेट्रोल पम्प के संचालन के लिए जारी एनओसी (अनापत्ति प्रमाण-पत्र) को नियम 150 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निरस्त किया गया हैं। आदेश में उल्लेख है कि पेट्रोल पम्प उज्जैन चौराहा पर बाये मोड़ पर स्थित है। उज्जैन चौराहा देवास शहर का अत्याधिक व्यस्ततम चौराहा है, जहां उज्जैन की ओर जाने वाले वाहन बस, मैजिक, ऑटो रिक्शा आदि तथा इन्दौर से आने वाली बसों का स्टॉप होने से सवारियों का आवागमन निरंतर बना रहता है। उज्जैन चौराहा पर निरंतर वाहनों एवं यात्रियों का अत्याधिक दबाव होने से आये दिन दुर्घटनाये होने की संभावना बनी रहती है, जिससे ट्रैफिक कंट्रोल करने में काफी कठिनाईयां होती है। उज्जैन चौराहा देवास से नागूखेडी तक 3.70 किलो मीटर सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिसकी कार्यवाही प्रचलित है।शहर में उज्जैन चौराहा स्थित मेसर्स अमीर ब्रदर्स रिटेल आउटलेट एचपीसीएल पेट्रोल पम्प को लोक व्यवस्था एवं सुरक्षा कारणों को दृष्टिगत रखते हुए अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए गए थे। पेट्रोल पम्प के संचालन के लिए जारी एनओसी को निरस्त करने के संबंध में मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक हिन्दुतान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड इंदौर को पत्र जारी कर अभिमत चाहा गया था। जिसके संबंध में कंपनी द्वारा कोई प्रति उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया।

# शितलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शितलेश्वर महादेव मंदिर समिति बजरंग नगर देवास ने मन्दिर परिसर उद्यान में एक पेड़ मां के नाम अन्तर्गत वृक्षारोपण किया।श्रावण मास के पवित्र माह में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति प्रेम के साथ हरियाली रहे एवं सुन्दरता बनाये रखने के लिए परिसर में बिल्वपत्र, पीपल, आंवला, अशोक, शमी, पारिजात, गुड़हल, पालम, गुलाब आदि फूलदार, फलदार, अन्य छायादार पोधो का रोपण करते हुए सभी ने पोधो को जीवित रखने का संकल्प लिया एवं आस पास तार से बाउंड्री वॉल बनाई गई। इस अवसर



पर समिति प्रमुख दिलीप कारपेंटर, बाबुलाल गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र सोलंकी, अनूपसिंह चौहान, एन के पाठक, दिनेश यादव, हर्ष शर्मा, मितेश पटेल, रोहित प्रधान, राजा भाटिया, प्रमोद शर्मा, अरविन्द शर्मा एवं मातृशक्ति आदि सदस्य गण उपस्थित थे। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने निर्णय लिया की इस वर्ष भी गणेश उत्सव बड़ी श्रद्धा उमंग एवं पूर्ण धार्मिक अनुष्ठान के साथ भव्य रूप से मनाया जायेगा।

# नगर में निकली भोलेनाथ की सवारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

सावन माह के दौरान प्रत्येक सोमवार को नगर में भगवान भोलेनाथ की सवारी का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मिलित होते हैं।
इसी के चलते सावन माह के आखिरी सोमवार को नगर में शाही सवारी का आयोजन किया गया। हाटपिपल्या मार्ग पर स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर से भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी प्रारंभ हुई, जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होते पुनः मंदिर पहुंची। जहां पर सवारी का समापन किया गया। इस दौरान महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर खुली जीप पर भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा को विराजित कर नगर भ्रमण पर निकाला गया। इस दौरान जगह-जगह नगर वासियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का पूजन किया गया। वही आगे आगे युवा झांझ मंजीरा बजाते हुए, झुमते हुए सवारी में सम्मिलित हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मिलित हुए। सभी की उपस्थिति में शाही सवारी का आयोजन हुआ।

### आउटसोर्स कर्मचारी मौत मामले में एक के खिलाफ हुई एफआईआर दर्ज

**चापडा।** नगर में 26 जुलाई को करंट लगने से एक आउटसोर्स कर्मचारी की मौत हो गई थी। इसके बाद अंतिम संस्कार के पहले नगरवासियों एवं करणी सेना के पदाधिकारीयो द्वारा मृतक महेंद्र सिंह उर्फ नाना राजपूत के शव को चापड़ा चौराहे पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान इस घटनाक्रम से जुड़े लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। उसी के चलते जांच आधार पर ग्रीड पर हादसे के दौरान कार्यरत ऑपरेटर दीपक प्रजापत पर एफआईआर दर्ज की गई है। थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया है कि परमिट के दौरान बिना अनुमति के बिजली सप्लाई चालू करने के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच भी की जा रही है। नरवरिया ने बताया कि दीपक अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# दंपति सुसाइड मामले में सुसाइड नोट मिलने के बाद नया मामला आया सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

दंपति सुसाइड मामले में सुसाइड नोट मिलने के बाद नया मामला आया सामने चापडा। इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम खेड़ाखाल के जंगल में 2 अगस्त को एक दंपति के शव फांसी के फंदे पर लटके हुए मिले थे। दंपति द्वारा एक ही रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या की गई थी। मोबाइल की लोकेशन से पुलिस को घटनास्थल का पता चला था। मृतक दंपति लांछा बाई एवं रामविलास तैजाजी चौक पालदा नाका इंदौर निवासी थे। वे नेमावर का कह कर घर से निकले थे, लेकिन दोनों ने रास्ते में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना स्थल पर एक बेग मिला था,जो की मृतक का था, जिसमें एक सुसाइड नोट मिला। थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर से मिली जानकारी के अनुसार सुसाइड नोट 3 पन्नों का बताया जा रहा है, लेकिन जिसमें मुख्य बात यह सामने आई कि मृतको के पुत्र भूपेंद्र का अपने रिश्तेदारी में ही एक लड़की से अफेयर चल रहा था जिसकी जानकारी उक्त लड़की के पिता मुकेश को लग गई थी। इसके बाद लड़की द्वारा भूपेंद्र के खिलाफ संबंधित थाने पर एफआईआर दर्ज कराई गई। जिसको लेकर मृतक दंपति काफी परेशान थे और उनमें



आपसी विवाद भी हुआ। नाहर ने बताया कि परिवार से मिली जानकारी के अनुसार भूपेंद्र का मुकेश की लड़की से अफेयर चल रहा था, जिसके चलते मुकेश द्वारा लड़की पर दबाव डालकर भूपेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी, और भूपेंद्र के साथ मारपीट भी की गई व हवालात में भी बंद किया गया। इस घटनाक्रम को लेकर मृतक दंपति काफी परेशान व चिंतित थे। साथ ही मृतक दंपति ने मुकेश को 3 लाख रुपए भी उधार दिए थे। यह सब घटनाक्रम होने के बाद मुकेश द्वारा मृतक दंपति को पैसे देने से मना कर दिया गया और इस बात को लेकर अपने मान सम्मान से आहत होकर मृतक दंपति ने यह कदम उठाया। सुसाइड नोट में इस घटना के साथ अन्य कई विषय पर भी जिक्र किया गया है। उपेंद्र नाहर ने बताया है कि सुसाइड नोट के आधार पर परिजनों को बुलाया गया है। उनके बयान दर्ज किए जाएंगे इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सरदारबाई किरणमल गोमाता धाम का हुआ शुभारंभ, गोसंरक्षण को लेकर की पहल

# पडियार परिवार के प्रयासों को चित्रा बहन ने दी नई दिशा





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नेशनल हाईवे स्थित शिवपुरी जैन तीर्थ के पास वर्षों से परित्यक्त और वृद्ध गौ माता एवं गोवंश की सेवा कर रहे संतोष रामप्रसाद पडीयार के प्रयासों को अब एक स्थाई छत मिल गई है। सरदारबाई किरणमल गौ माता धाम के रूप में इस स्थल का शुभारंभ रविवार को गौ पूजन के साथ किया गया। पडीयार परिवार कई वर्षों से बिना किसी सरकारी सहायता के गोवंश का संरक्षण कर रहा है। उनके पास गोवंश के लिए विश्राम या संरक्षण स्थल नहीं था, जिससे ये निरीह जानवर गर्मी, बरसात और ठंड में खुले में रहने को मजबूर थे।

इसी क्षेत्र में स्थित जैन तीर्थ शिवपुरी में देवास से नियमित आने-जाने वाली जीव दया प्रेमी एवं समाजसेवी चित्रा बहन की नजर इस स्थिति पर पड़ी। चित्रा ने यह जानकारी अपने कल्याण मित्रों को दी और इसके परिणामस्वरूप वीरेंद्र श्रीमाल सहित सभी सहयोगियों की मदद से 7.5 लाख की सहयोग राशि एकत्र कर एक कंक्रीट शेड और बड़ा टीन शेड बनवाया, ताकि गोवंश को एक सुरक्षित एवं संरक्षित स्थान मिल सके। इससे पुर्व पूरे विधि-विधान के साथ हवन एवं कन्या भोज आयोजित किया गया। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि पडीयार परिवार वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ गौ सेवा में लगे हुए हैं, और अब कल्याण मित्रों के सहयोग से गोवंश के लिए एक बेहतर संरचना उपलब्ध हो पाई है। गौधाम में वर्तमान में 91 गोवंश हैं। ऐसे समय में जब कई लोग अपनी पालतू गायों को सड़कों पर छोड़ देते हैं, पडीयार परिवार द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा न केवल प्रशंसनीय बल्कि समाज के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर सुरेश संघवी, पवन श्रीमाल, वीरेंद्र श्रीमाल, महेंद्र जैन, कुशाल सिंह, चित्रा बहन उपलब्धि सहित अनेक कल्याण मित्र उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### महिला जनसुनवाई का आयोजन 06 को



ललितपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने अवगत कराया है कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता हेतु दिनांक 06.08.2025 को प्रातः 11 बजे विकास भवन मे सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल के द्वारा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/जनसुनवाई की जाएगी, इसके पश्चात अपराह्न 3:30 बजे महरौनी तहसील सभागार में जनचौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने शिकायतकर्ताओं को अवगत कराया है कि वे जनसुनवाई हेतु अपने साथ शिकायती प्रार्थना पत्र, मोबाइल नम्बर, अपना आईडी प्रूफ की छायाप्रति अवश्य लाएं।

### समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग

- सेवानिवृत्त वृद्ध सहायक अध्यापक ने लगाई गुहार

ललितपुर। इन्क्रीमेंट पाने में संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) झांसी मण्डल कार्यालय से प्रताड़ित किये जाने का गंभीर आरोप लगाते हुये 80 वर्षीय सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक प्रकाश नारायण पुरोहित ने शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक ने बताया कि वह पी.एन. इण्टर कॉलेज से सेवानिवृत्त हुये थे। शासनादेश के अनुसार वह एक नोशनल इन्क्रीमेंट प्राप्त करने के हकदार हैं। आरोप लगाया कि उन्हें संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) कार्यालय झांसी मण्डल झांसी से लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। 80 वर्ष की अवस्था का हवाला देते हुये बताया कि चलने-फिरने में असमर्थ, बीमारियों से ग्रसित हैं। बताया कि सभी सेवानिवृत्त अध्यापकों के प्रकरण बारह दिन पूर्व आ चुके हैं, मात्र मेरा प्रकरण नहीं आया। मैंने प्रयास करके संयुक्त शिक्षा निदेशक (मा) कार्यालय झांसी मण्डल झांसी से जब उन्होंने अपना प्रकरण मंगवाया।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए किसान 14 तक कराएं पंजीयन

ललितपुर। उप कृषि निदेशक ने जिले के किसानों को सूचित किया है कि खरीफ मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा में पंजीयन कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 थी। जिसे भारत सरकार के निर्देशानुक्रम में बढ़ाकर 14 अगस्त 2025 कर दिया गया है। अतएव समस्त ऋणी एवं गैर ऋणी किसानों से आह्वान किया कि यदि उनके द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पंजीयन नहीं कराया गया है, तो इच्छुक किसान 14 अगस्त 2025 तक पंजीयन करा लें तथा योजना का लाभ लें।

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद में प्रत्येक घर पर लहराएगा तिरंगा: डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

- तिरंगा रोशनी से रोशन होंगे जनपद के सरकारी भवन, शैक्षणिक संस्थाएं और एतिहासिक किले
- गली-गली से गुजरेंगी तिरंगा यात्राएं, भारत माता की जयकारों से गूंजेगा ललितपुर
- विद्यालयों में आयोजित करायी जायेंगी तिरंगा प्रतियोगिताएं



वर्ष 2022 से शुरु हुए हर घर तिरंगा अभियान को इस वर्ष भी भव्य रुप में मनाये जाने को लेकर जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने सोमवार को सभी सम्बंधित विभागों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को लक्ष्य आवंटित करते हुए निर्देश दिये कि शासन के निर्देशानुसार सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों को पूरा करेंगें और हर घर तिरंगा अभियान को इस वर्ष भी अपने सफलतम रुप तक पहुंचायेंगे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद में 8 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ, 14 को विभाजन विभीषिका दिवस और कल्याणसिंह सभागार में तिरंगा महोत्सव का आयोजन किया जाना है, इसके लिए अधिकारी आज से ही तैयारियां शुरु कर दें। विभागों को झण्डा क्रय एवं वितरण का लक्ष्य आवंटित करते हुए निर्देश दिये कि जनपद के हर घर पर तिरंगा लहराना चाहिए। अभियान में 13 से 15 अगस्त तक जनपद के सभी सरकारी भवनों, शैक्षणिक संस्थानों और प्राचीन किलों को रोशन किया जाए, विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में देशभक्ति की भावना जगायी जाये और कल्याण सिंह सभागार में तिरंगा महोत्सव का भव्य आयोजन कराया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि नगर पालिका/नगर पंचायतों में उत्कृष्ट वार्डो और उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को भी पुरस्कृत किया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकरी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने सभी को अवगत कराया कि भारत सरकार ने नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक सम्बंध बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2022 में ह्यह्यआजादी का अमृत महोत्सवह्ह के तत्वाधान में ह्यह्यहर घर तिरंगा अभियानह्ह की शुरुआत की थी, तब से यह अभियान राष्ट्रीय अस्मिता, देशभक्ति और गौरव के जन-भागीदारी आन्दोलन के रुप में एक सफल अभियान बन चुका है। इस वर्ष यह अभियान तीन चरणों में मनाया जाएगा, प्रथम चरण में 02 से 08 अगस्त तक शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवना व सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी प्रतियोगिता, तिरंगा धागा बुनाई, चित्रकला, लेख, सैनिकों व पुलिस कर्मियों को आभार पत्र आदि का आयोजन होगा। द्वितीय चरण में 09 से 12 अगस्त तक तिरंगा मेला, भव्य तिरंगा म्यूजिक कॉन्सर्ट, तिरंगा महोत्सव, तिरंगा रैली, तिरंगा यात्राएं, तिरंगा की बिक्री और वितरण आदि होगा।

जिला कारागार में तैनात कांस्टेबल पर मुकद्दमा दर्ज

## कारागार में तैनात सिपाही पर मारपीट कर अपमानित करने का आरोप

जेल में निरूद्ध गांव के व्यक्ति से मिलने गया था राकेश सहरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना पूराकलां अंतर्गत ग्राम चौबारा सारसेंड निवासी राकेश सहरिया पुत्र पूरन ने एडीजे/विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. एक्ट के समक्ष वाद दायर किया है। दायर किये गये वाद में पीड़ित ने जिला कारागार में तैनात कांस्टेबल पर गंभीर आरोप लगाते हुये मुकद्दमा दर्ज किये जाने की गुहार लगायी थी। न्यायालय ने प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान लेकर कांस्टेबिल पर मुकद्दमा दर्ज कर कार्यवाही के लिए कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया है।

न्यायालय में दायर किये गये प्रकरण में राकेश सहरिया ने बताया कि बीती 19 मई 2025 को वह जिला कारागार ललितपुर में निरूद्ध अपने परिचित चौबारा निवासी जगभान सिंह ठाकुर से मिलने एवं जमीन के ठेके की बात करने अपनी पत्नी व मां के साथ गया था। कारागार में मिलने वालों के लिए लगी पुरुषों की लाइन में वह खड़ा हुआ था, उसकी मां सोना सहरिया महिलाओं की लाइन में खड़ी थी। जबकि उसकी पत्नी बाहर लाइन से अलग बैठी हुयी थी। इसी बीच जिला कारागार में तैनात कांस्टेबिल जे.के. कुशवाहा द्वारा लाइन से खींचकर बुरी-बुरी गालियां देते हुये तीन-चार तमाचे मारे और जमीन पर पटककर लात-घूसों से मारपीट कर दी। बचाव करने पर उसकी मां व पत्नी से भी अभद्रता की।

## उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने डीएम को भेजा ज्ञापन

पेंशन धारकों को भी समय से मिले पेंशन

ललितपुर। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार नाहर के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा गया है। इस ज्ञापन के जरिए उन्होंने नगर पालिका परिषद में तैनात समस्त सफाई व कार्यालय कर्मियों की दो माह की वेतन दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद में तैनात सफाई कर्मचारियों का माह जून एवं जुलाई 2025 का वेतन नहीं मिल सका है। वेतन नहीं मिलने के कारण सफाई कर्मचारियों के सामने बच्चों की शिक्षा व दीक्षा, भरण-पोषण करने में अनेकों कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि इसी माह 9 जुलाई को भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार भी है, लेकिन वेतन निर्गत न होने के कारण यह त्यौहार मनाने के लिए सफाई कर्मियों के समक्ष एक विकराल समस्या बन गयी है। उन्होंने जिलाधिकारी से नगर पालिका परिषद में तैनात सभी सफाई कर्मियों एवं समस्त पेंशन धारकों के दो माह के रूके हुये वेतन व पेंशन का भुगतान कराये जाने की मांग उठायी है, ताकि रक्षाबंधन का त्यौहार सभी खुशी के साथ मना सकें। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजकुमार नाहर के साथ अनेकों सफाई कर्मी मौजूद रहे।

महिलाओं ने दबंगों पर ग्रामीणों को जबरन शराब सेवन कराने का लगाया आरोप

## नयागांव में अवैध शराब का आतंक बढ़ा

जाखलौन पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप, डीएम को भेजा शिकायती पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



डीएम को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाएं

जाखलौन थानान्तर्गत ग्राम नयागांव में दबंगों के संरक्षण में खुलेआम बेची जा रही अवैध शराब जैसे गंभीर आरोप लगाते हुये महिलाओं ने लामबंद होकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। महिलाओं ने डीएम के नाम एक ज्ञापन भेजकर जल्द ही प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन में महिलाओं ने बताया कि नयागांव में दबंगों ने सांठगांठ कर पूरे गांव में अवैध शराब बेचने का गोरखधंधा खोल रखा है। विरोध करने पर आये दिन विवाद, झगड़ा-फसाद और झूठे मामलों में फंसाने की धमकियां दी जाती हैं। महिलाओं का आरोप है कि उक्त लोग गांव के लोगों व उनके परिजनों को जबरन शराब पिलाते हैं, जिससे महिलाओं के परिवार टूटने की कगार पर आ पहुंचे हैं। वहीं बच्चों का भविष्य भी अंधकारमय होता जा रहा है। गंभीर आरोप है कि नागालिग बच्चों को भी जबरन शराब पिलाकर उन्हें नशे का आदि बनाया जा रहा है और बच्चे नशे की लत लगने के कारण घर से गेंहू व अन्य सामान बेचकर शराब का सेवन कर रहे हैं। बच्चों या बड़ों को शराब का सेवन करने से मना करने पर आये दिन महिलाओं से मारपीट की जाती है और घर से निकालने की धमकी दी जाती हैं, जिससे महिलाओं के परिवार टूटने और बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गये हैं। इतना ही नहीं महिलाओं का आरोप है कि जाखलौन थाने में भी इस प्रकरण को लेकर कई बार शिकायतें की हैं।

## खेत में जमीनी विवाद को लेकर महिला और उसके पति से मारपीट, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना कोतवाली अन्तर्गत ग्राम पनारी में रविवार सुबह लगभग 11.30 बजे खेत में जानवर चराने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शिकायतकर्ता फूला पत्नी जमुना कुशवाहा निवासी खिरिका मुहल्ला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में तीन आरोपियों शिवम पुत्र संतोष, गोविन्द पुत्र सीताराम एवं सीताराम पुत्र श्याम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता का पनारी गांव में मौराजी एवं नामदेव के खेत पर ठेके से लिया गया खेती का कार्य है। रविवार को तीनों आरोपियों ने अपने पशुओं को जबरन खेत में घुसा दिया। जब फूला ने विरोध किया, तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और लाठियों से मारपीट की। हमले में फूला के हाथ में फ्रैक्चर हुआ तथा शरीर में कई जगह चोटें आईं। उनके पति जमुना कुशवाहा जब बीच-बचाव करने पहुंचे, तो उनको भी पीटा गया जिससे उन्हें भी गंभीर चोटें आईं और वे चलने-फिरने में असमर्थ हो गए। आरोपियों ने धमकी दी कि वे दोनों को जान से मार देंगे।

25 अगस्त 2025 तक जमा करें आवेदन

## जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं एवं उनके मुंशी के नए परिचय पत्र बनाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला न्यायालय द्वारा अधिवक्ताओं एवं उनके मुंशी (क्लर्क) के नए पहचान पत्र जारी किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कोर्ट प्रशासन ने बताया है कि पूर्व परिचय पत्रों की वैधता फरवरी 2025 में समाप्त हो चुकी है, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से नए आईडी कार्ड जारी किए जाएंगे। सूचना के अनुसार, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशों और पीआईएल नंबर 2436/2019 में पारित आदेशों के अनुपालन में यह कार्य किया जा रहा है। अधिवक्ताओं को आईडी कार्ड फार्म 25 अगस्त 2025 तक, शाम 4 बजे से 5 बजे के बीच, जनपद न्यायालय कम्प्यूटर अनुभाग में जमा करना अनिवार्य कर दिया गया है।

### आवश्यक दिशा-निर्देश

निर्धारित प्रोफार्मा न्यायालय की वेबसाइट से डाउनलोड करें और सही जानकारी भरें।

#### फार्म के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करें

बार एसोसिएशन का पंजीकरण प्रमाण पत्र। सी.ओ.पी. (सर्टिफिकेट ऑफ प्रक्टिस) की प्रति। पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो, केवल कलर लैब से खिंचवाए गए स्वीकार्य होंगे। 100 रुपये शुल्क प्रति परिचय पत्र निर्धारित किया गया है।

#### मुंशी (क्लर्क) के लिए अतिरिक्त दस्तावेज

संबंधित अधिवक्ता से संबंध दर्शाने वाला प्रमाण पत्र, जिसमें अधिवक्ता का नाम और बार काउंसिल एन्रॉलमेंट संख्या हो। किसी एक वैध पहचान पत्र की कॉपी आधार कार्ड, पैन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस।

#### आवेदन कैसे करें

दिए गए प्रोफॉर्मा को पढ़कर सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें। 25 अगस्त 2025 तक शाम 4 से 5 बजे के बीच आवेदन जमा करें। अंतिम तारीख के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यह प्रक्रिया जनपद न्यायालय परिसर और संबंधित बाह्य व ग्राम न्यायालयों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास का हिस्सा है। नोडल अधिकारी (कम्प्यूटर), अपर जिला जज (एस.सी./एस.टी. एक्ट) सुनील सिंह ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही आवेदक की स्वयं की जिम्मेदारी होगी। अधिक जानकारी के लिए अधिवक्तागण न्यायालय की अधिकृत वेबसाइट व सर्वेश प्रताप सिंह सिस्टम अधिकारी से संपर्क करे।

## जीआरपी पुलिस ने दबोचा शातिर बदमाश

ट्रेनों से चोरी किए दो मोबाइल बरामद



जीआरपी पुलिस की गिरफ्त में शातिर बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

एडीजी रेलवे, डीआईजी रेलवे प्रयागराज के संयुक्त निदेशन, एसपी रेलवे झांसी द्वारा चलाये जा रहे अभियान में चैकिंग, संदिग्ध व्यक्ति वस्तु व गिरफ्तारी और चोरी या लूट की गयी सम्पत्ति को बरामद करने की दिशा में जीआरपी ललितपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हांसिल हुयी है। जीआरपी पुलिस ने ललितपुर रेलवे स्टेशन से एक शातिर बदमाश को धर दबोचने में सफलता हांसिल की है। रात करीब 1.55 बजे हुयी इस कार्यवाही के दौरान पकड़े गये शातिर बदमाश के पास से जीआरपी पुलिस ने ट्रेनों से चोरी किये गये दो मोबाइल फोन्स भी बरामद किये हैं। पकड़े गये बदमाश का नाम महानगर झांसी के थाना ककरवई अंतर्गत रहने वाले आदित्य मिश्रा उर्फ शिब्बू महाराज पुत्र आत्माराम मिश्रा है।

## लड़ रहे दंपत्ति को समझाने गए युवक के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ग्राम पनारी के मोहल्ला पठेरा निवासी रोहित कुशवाहा पुत्र स्व.संतोष कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है।

बताया कि उसका 27 वर्षीय भाई शिवम रविवार को अपराह्न 12 बजे अपने खेत के पास था, तभी पास में रहने वाले रंगा उर्फ पप्पू व फूला उर्फ रंगन पत्नी रंगा के बीच आपसी विवाद हो रहा था, जिसे देखकर शिवम ने दोनों के बीच बचाव किया।

आरोप है कि विवाद कर रहे दम्पत्ति ने शिवम को गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे शिवम घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दम्पत्ति पर मामला दर्ज कर लिया है।

## पुत्र को साथ ले जाने का कारण पूछने पर मारपीट

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम सिलगन निवासी भज्जू लोधी पुत्र वीरन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 1 अगस्त की रात करीब 11.30 बजे उसके पुत्र अंकित को गांव में रहने वाले पड़ौसी अमोल पुत्र समरथ लोधी अपने साथ ले गया था। अगले दिन 2 अगस्त की शाम करीब 7 बजे जब उसकी पत्नी बड़ी बहू ने अमोल से पूछा कि उसके पुत्र को कहां ले गये थे तो अमोल ने गालियां दीं, जब उसकी मां रामकली ने गालियां देने का विरोध किया तो अमोल ने उसकी मां रामकली से मारपीट की।

किशोर कुमार के 96वें जन्म दिवस पर कलाकारों ने बांधा समां

## जब हम ना होंगे तो रो-रो के दुनिया ढूंढ़ेगी मेरे निशां....



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

हरफन मौला कलाकार आभास कुमार गांगुली उर्फ किशोर कुमार का 96 वां जन्म दिवस सौल्लासपूर्ण मनाया गया। किशोर कुमार फैन्स क्लब के सदस्यों ने द्वितीय जन्मोत्सव के रूप में स्थानीय मां गोमती फिजियोथैरेपी सेन्टर पर आयोजित किया। जिसमें सभी स्थानीय कलाकारों ने अपनी गायन प्रतिभा को इस मंच के माध्यम से उभारा। सर्वप्रथम मां सरस्वती पूजन किया गया।

तत्पश्चात किशोर दा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। दीप प्रज्ज्वलन प्रसिद्ध समाजसेवी मनमोहन जड़िया, मां गोमती फिजियोथैरेपी सेन्टर के संस्थापक वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश नारायण देवलिया, वरिष्ठ शिक्षक रामकृष्ण शाक्य, वरिष्ठ कवि रविन्द्र पाठक ने किया। गीत-संगीत का जब सिलसिला शुरु हुआ तो एक से बढ़कर एक गीत स्थानीय कलाकारों ने प्रस्तुत किये। सबसे पहले जिले के विख्यात गायक कलाकार मुकेश वेगी ने जीवन से भरी तेरी आँखें मजबूर करें जीने के लिए गाया। पहले गाने से ही सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। फिर तो किशोर दा के मधुर गीतों की झड़ी सी लग गयी। सीनियर एड. प्रकाश नारायण देवलिया ने खिजां के फूल से आती कभी बहार नहीं, वरिष्ठ कलाकार हरिशंकर तिवारी ने मुसाफिर हूं यारो, रामकृष्ण शाक्य ने तेरी दुनिया से, सुबोध गोस्वामी सारस्वत ने मेरे नैना सावन भादों, संजय श्रीवास्तव ने मेरे दिल ने तडफ़ के जब नाम तेरा पुकारा, पत्रकार संजय ताम्रकार ने कहना है कहना है, धर्मेन्द्र बॉबी गोस्वामी ने ओ साथी रे तेरे बिना भी क्या जीना, समाजसेवी परवेज पठान ने तेरे चेहरे में वो जादू है, रंगमंच के अदाकार संजीव बाबरा ने जब दर्द नहीं था सीने में, डा.विजय द्विवेदी ने मेरे महबूब कयामत होगी, पूर्व पार्षद मुकेश रजक ने चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना, संदेश परिहार ने हमें तुमसे प्यार कितना, विक्की रत्नाकर ने बिन फेरे हम तेरे, सौरभ जैन ने मंजिलें अपनी जगह हैं, अरमान कुरैशी ने बचना ऐ हसीनों, प्रतीक श्रीवास्तव ने ये दिल न होता बेचारा, आनन्द ने चेहरा है या चांद खिला है, राहुल पस्तोर ने फूलों के रंग से, अनिकेत सोनी ने तुम आ गये हो नूर आ गया है। जैसे किशोर दा के सदाबहार गीत प्रस्तुत किये। आयोजक शुभम देवलिया चिंगारी कोई भड़के, डा. प्रबल सक्सेना ने मेरी उमर के नौजवानों और सुबोध शर्मा विश्वास ने मित्रता दिवस की रस्म निभाते हुये दोस्ती पर आधारित गीत दिये जलते हैं, फूल खिलते हैं अपने बिछड़े और वर्तमान दोस्तों को समर्पित किया।

सवा पांच करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में उमड़ रहे हजारों श्रद्धालु

## श्रद्धालुओं ने बनाए 25 लाख पार्थिव शिवलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सवा पांच करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्री रूद्रमहायज्ञ आयोजन में रविवार को श्रद्धालुओं ने 25 लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। प्रातःकालीन बेला में श्रीरूद्रमहायज्ञ का पीठ पूजन व पंचांग पूजन आचार्यगण के द्वारा किया गया।

श्रद्धालुओं को कथा सुनाते हुए सदगुरूदेव परमपूज्य अनंतविभूषित चंडीपीठाधीश्वराचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वर गिरि महाराज ने कहाकि गीता के अनुसार सनातन का अर्थ होता है जो सबसे पुराना हो, वो जो अग्नि से, पानी से ,हवा से, अस्त्र से नष्ट न किया जा सके और वो जो हर जीव और निर्जीव में विद्यमान है। धर्म का अर्थ होता है जीवन जीने की कला। सनातन धर्म की जड़े आद्यात्मिक विज्ञान में है। सम्पूर्ण हिंदू शास्त्रों में विज्ञान और आध्यात्म जुड़े हुए है। यजुर्वेद के चालीसवें अध्याय के उपनिषद में ऐसा वर्णन आता है कि जीवन की समस्याओ का समाधान विज्ञान से और आद्यात्मिक समस्याओ के लिए अविनाशी दर्शनशास्त्र का उपयोग करना चाहिए।

उन्होंने कहाकि आज से हजारो साल पहले महाभारत के युद्ध मे जब अर्जुन अपने ही भाईयों के विरुद्ध लडऩे के विचार से कांपने लगते हैं, तब भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। कृष्ण ने अर्जुन को बताया कि यह संसार एक बहुत बड़ी युद्ध भूमि है, असली कुरुक्षेत्र तो तुम्हारे अंदर है। गीता त्याग, प्रेम और कर्तव्य का संदेश देती है। गीता मे कर्म को बहुत महत्व दिया गया है। मोक्ष उसी मनुष्य को प्राप्त होता है जो अपने सारे सांसारिक कामों को करता हुआ ईश्वर की आराधना करता है।

मनुष्य का अहंकार, ईर्ष्या, लोभ आदि को त्याग कर मानवता को अपनाना ही गीता के उपदेशो का पालन करना है।

## पाली में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब: कांवड़ यात्रा ने रचा आस्था का महासंगम, नीलकंठेश्वर धाम बना भक्ति का केंद्र





ललितपुर। श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार को तुवन मंदिर ललितपुर से पाली में विराजमान नीलकंठेश्वर धाम मंदिर को निकली सबसे भव्य धार्मिक आयोजन कांवड़ यात्रा में कावड़ियों के साथ श्रद्धालु भी भगवान शिव के दरबार में नतमस्तक हुए।तुवन मंदिर से पवित्र गंगाजल लेकर 25 किलोमीटर दूर भगवान श्री नीलकंठेश्वर की नगरी पाली के बीच के ग्रामों में भी कांवड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया जिसमें ग्रामवासियों ने भक्तों को जल पान ग्रहण करवाया।पूरे श्रावण मास में पाली नगरी भक्ति और श्रद्धा का केंद्र बन गया था,जहां चारों ओर सिर्फ एक ही गूंज सुनाई दी ह्न हबोल बम! हर हर महादेव!ह्नपिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कांवड़ियों की भारी भीड़ ललितपुर से पाली में उमड़ पड़ी है,श्रद्धालु भजन-कीर्तन,डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ शिव की भक्ति में लीन होकर आज नगर में रही। पूरा नगर भगवा रंग में रंगा लोग अपने घरों और दुकानों पर भगवा झंडे,बैनर के जरिए कांवड़ियों का स्वागत कर रहे थे। विशेष निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस विभाग ने चौकसी बढ़ा दी थी।

विशाल भंडारे के साथ भागवत कथा का समापन

# सुदामा जैसी मित्रता होनी चाहिए तो परमात्मा मिल जाएंगे: पं. नागर

## हिमालेश्वर धाम पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब



### सावन मास के अंतिम सोमवार पर उमड़ा जनसैलाब श्रद्धालुओं ने किए बाबा के दर्शन

आज श्रावण मास का अंतिम सोमवार होने के कारण बाबा हिमालेश्वर के दरबार में आस्था और श्रद्धा का जन सैलाब उमड़ पड़ा जगह-जगह से कावड़ यात्रा के साथ में कलश यात्रा बाबा के दरबार में पहुंची जहा पर कलशो के जल से जलाभिषेक किया गया समिति के द्वारा दर्शन के लिए श्रदालु को परेशानी ना हो इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे आज श्रावण मास का अंतिम सोमवार होने के कारण शाम 5:00 बजे तक 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के द्वारा बाबा के दर्शन किए इसमे क्षेत्रीय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी के साथ पूर्व विधायक कुणाल चौधरी भाजपा नेता सुनील देथल ब्लाक नगर परिषद अध्यक्ष पवन राजकुमार नगर कांग्रेस अध्यक्ष नरेश दिक्षित समाजसेवी मोहनलाल विजयवर्गय ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र जै सी बी कांग्रेस नेता मुकेश सोनानिया के द्वारा भी बाबा के दरबार में हाजिरी लगा करके आशीर्वाद लिया साथ ही हिमालेश्वर धाम पर एक विशाल भंडारे का आयोजन पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि भेरूलाल दांगी के द्वारा अपने पिताजी की स्मृति में किया गया जिसमें क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच करके भंडारे में महाप्रसादी ग्रहण की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

भागवत कथा के सातवे दिवस पर हिमालेश्वर धाम मंदिर मोरटाकेवडी मे भक्तों को कथा श्रवण करते हुए कथावाचक अश्विन नागर माधव सरकार ने कहा कि जीवन में मित्रता करो तो ऐसी करो जो मिसाल बन जाए। मित्रता का सबसे अच्छा प्रसंग है भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का है ,जो दोनो के बीच प्रेम और विश्वास का अटूट संबंध आज भी जीवंत है। प्रेम के कारण ही तो सुदामा ओर राधा रुकमणी ने श्याम को प्राप्त किया। प्रेम ऐसी शक्ति है जो सिहासन छोड़कर नगें पैर बांके बिहारी आना पड़ा लेकिन प्रभु को प्राप्त करने के लिए मनुष्य के मन मे सच्ची श्रद्धा और भक्ति का वास होना चाहिए तो भगवान मिल जायेगा भगवान को कुछ देने की जरूरत नहीं है। वहां तो प्रेम का भूखा है। प्रेम के खातिर ही विदुर घर भोजन किया है। इसलिए मेरे बांके बिहारी को सिर्फ मनुष्य प्रेम भक्ति और श्रद्धा से ही पा सकता है घमंड से नही। लेकिन इस कलयुग मे मित्रता सोच-समझकर करना चाहिए। क्योंकि संगत और साथ मानव जीवन को बहुत प्रभावित करते हैं। ये चाहे तो उसे महान बना सकते हैं। या फिर उसे मिट्टी में भी मिला सकते हैं क्योंकि धन तो नश्वर है परमात्मा ने हमें मृत्यु लोक में धन से भी बढ़कर मनुष्य शरीर प्रदान करके संसार में भेजा है और जब उसने संसार में भेजा है तो हमारी पालन पोषण की भी व्यवस्था की होगी भक्त सुदामा ने कभी भी भगवान से लेने की इच्छा नहीं की है। परंत आज जब भक्त मंदिर में जाता है तो परमात्मा से लेने की इच्छा करता है, परंतु यह नहीं सोचता है मुझे अनमोल जीवन दिया है और इस कलयुग में मनुष्य धन पाकर घमंड में डूबा हुआ है लेकिन वहा यहाँ नही जानता है कि यहा सब मेरे बाके बिहारी की ही माया है आप लोगों ने सात दिवस तक भागवत कथा श्रवण की उधर राजा परीक्षित ने भी अपनी मोक्ष प्राप्ति के लिए भागवत कथा का श्रवण कर श्रृंगऋषि के श्राप से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त किया आप सभी ग्रामवासियों पर बांके बिहारी की कृपा रहे इसी के साथ भागवत कथा की पूर्णाहुति हुई।

7 आरोपी गिरफ्तार, 30 लाख से अधिक का मशरूका जब्त

# पुलिस ने किया अंतरराज्यीय ट्रक कटिंग गिरोह का पर्दाफाश



**सारंगपुर।** एनएच-52 हाईवे सारंगपुर के आसपास चलते ट्रकों से माल चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सारंगपुर पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ट्रक के पीछे अपनी गाड़ी लगाकर ट्रक कटिंग करते और लाखों रुपये का माल चोरी कर बाजार में बेच देते थे।

**दो रातों में हुई थी बड़ी वारदात-** 18 एवं 21 जुलाई की रात को थाना सारंगपुर क्षेत्र अंतर्गत एनएच-52 पर इसी तरह की चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने तुरंत एक विशेष टीम गठित की। शाजापुर, देवास व राजगढ़ जिलों में दबिश देकर करीब 15 दिन की जांच के बाद गिरोह का खुलासा किया

**सूचना देने और माल रखने वाले भी गिरफ्त में:** गिरफ्तार आरोपियों में गिरोह के सदस्य, माल रखने वाले और पुलिस की हरकतों की सूचना देने वाला युवक भी शामिल है। सभी को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया माल व वाहन भी जब्त किए ट्रक कटिंग करने वाले आरोपी में प्रमोद पिता अनिल कंजर उम्र 19 वर्ष निवासी पम्पापुर, शाजापुर सुमेश पिता नरेश हाड़ा उम्र 22 वर्ष निवासी मकावद, अकोदिया जिला शाजापुर, निखिल उर्फ कालू पिता शांतिलाल कंजर उम्र 20 वर्ष निवासी पीपलरावा देवास।

### माल रखने वाले आरोपी

जाहिर पिता सत्तार खान उम्र 39 वर्ष निवासी भूराखेड़ी सारंगपुर, जमील पिता फकरुद्दीन मेवाती उम्र 26 वर्ष निवासी अलीसरखेड़ा, सलसलाई जिला शाजापुर, राशिद पिता रफीक खां उम्र 20 वर्ष निवासी भूराखेड़ी, सारंगपुर।

### पुलिस की गतिविधियों की सूचना देने वाले आरोपी

पंकज पिता पीरूलाल बलाई उम्र 21 निवासी तलेनी, सारंगपुर

30 लाख 15 हजार मशरूका जप्त जिसमें पिकअप एमपी 09 डीडी 3504 द्द कीमत 8 लाख,मारुति ब्रेजा एमपी 13 जेडी 6487 कीमत 7 लाख, हुंडई आई 10 कीमत 3 लाख रुपए आकी,बिना नंबर की बजाज पल्सर 90 हजार,बिना नंबर की होंडा साइन 40 हजार,कपड़ों के 37 बंडल 7 लाख 40 लाख रुपए कीमती,एलईडी टीवी 8 नग 1 लाख रुपए,वॉशिंग मशीन 2 नग 15 हजारसाउंड बॉक्स 20 हजार सहित अन्य दो मोटरसाइकिल 2 लाख।

### कार्रवाई में पुलिस की ये टीमें रहीं सक्रिय

आकांक्षा हाड़ा थाना प्रभारी सारंगपुर निरीक्षक,अनिल राहोरिया लीमाचैहान थाना प्रभारी उनि. कर्मवीर शर्मा करनवास थाना प्रभारी उनि,जितेंद्र अजनारे कालीपीठ थाना प्रभारी उनि.योगेंद्र मरावी,सायबर सेल प्रभारी सूबेदार, सउनि आनंदीलाल भिलाला, प्रआर. जितेन्द्र भिलाला, सूरज चावरिया, नवीन राजपूत, सउनि राजेन्द्र सिंह, जमनाप्रसाद, हरिनारायण, प्रआर. मोईन अंसारी, गिरीराज मीणा, सतीष परमार, आर. राजवीर, बनवारी, सुनिल यादव, दिवाकर वर्मा, राधारमण, शिवसिंह दांगी, गजेंद्र सिंह, विकास राठौर, कुलदीप, सुमित, शुभम, धर्मेन्द्र जायसवाल आदि।पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन तथा केएल बंजारे एवं एसडीओपी अरविंद्र सिंह के मार्गदर्शन में की गई यह कार्रवाई न केवल सारंगपुर बल्कि पूरे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। पुलिस ने संगठित अपराध पर कड़ा प्रहार करते हुए यह संदेश दिया है कि हाईवे पर अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।


साल 2022 में कुरावर थानाक्षेत्र के तहत हुई थी घटना

# जमीनी विवाद में हुई हत्या के 3 आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के कुरावर थानाक्षेत्र के तहत जमीनी विवाद के चलते हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में तहसील न्यायालय नरसिंहगढ़ ने 3 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों आरोपियों पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है।

जिला लोक अभियोजक आलोक श्रीवास्तव एवं एडीपीओ मनोज मिंज ने बताया कि साल 2022 में मृतक जगदीश अपने खेत में एंगल लगाकर तार फेसिंग कर रहा था जिसका जीन मोहल्ला कुरावर निवासी रोहित, कांताप्रसाद और गोविंद ने विरोध करते हुए जगदीश के साथ लाठी, डंडों से मारपीट की जिसके चलते जगदीश के सिर में गहरी चोंटें आई। अस्पताल में 8-10 दिन चले इलाज



के बाद आखिरकार जगदीश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में विवचना उपरान्त अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय में विचारण के दौरान साक्षियों के बयान करवाए गए जिसमें आरोपियों पर दोषसिद्ध हुआ।

### गवाहों एवं सबूतों के आधार पर सुनाया फैसला

सभी सबूतों एवं गवाहों की बिना पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश गौरव अग्रवाल ने फैंसला सुनाते हुए रोहित, कांताप्रसाद एवं गोविंद सर्व निवासी जीन मोहल्ला कुरावर को आजीवन कारावास से दंडित किया है। तीनों आरोपियों पर 5-5 हजार रुपए का अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है।

# दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

**जीरापुर।** उचावदा गांव निवासी दो व्यक्ति बाइक से परोलिया गांव की ओर से जीरापुर आ रहे थे नगर के सुसनेर-खिलचीपुर रोड पर परोलिया बायपास पर राजगढ़ की ओर से आ रही शिफ्ट डिजायर कार ने बाइक सवार को टक्कर मारी जिससे दोनों व्यक्ति घायल हो गए। जिन्हें 108 एम्बुलेंस के ड्राइवर रमेशचंद्र एवं ईएमटी राजेंद्र सोनी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों को सिविल अस्पताल लाया गया।जहां पर प्राथमिक उपचार दौरान गंभीर रूप से घायल रतनलाल वर्मा 48 वर्ष एवं राकेश वर्मा 30 वर्ष को बाहर रेफर किया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर शिफ्ट डिजायर कार को जप्ती में लिया।

सारंगपुर विकासखंड की 8 गोशालाओं का निरीक्षण, टैगिंग और टीकाकरण कार्य जारी

# गोशालाओं का किया औचक निरीक्षण टैगिंग की समस्या बनी चुनौती




**सारंगपुर।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला राजगढ़ के निर्देश पर विकासखंड सारंगपुर की समस्त गोशालाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्य पशु चिकित्सा अधिकारी सारंगपुर ने किया। इस दौरान गोशाला संचालकों को गो शाला की क्षमता अनुसार ही गोवंश रखने के निर्देश दिए कलेक्टर डॉ. मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित गोशाला समीक्षा बैठक में निर्देश दिए थे, जिनके परिपालन में यह कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान 8 गोशालाओं का जायजा लिया गया कृजिसमें निम्न गोशाला में गो वंश की संख्या देखी जिसमें श्री कपिलेश्वर गोशाला में 225 गोवंश, श्री राम गोशाला, लीमा चौहान में 165 गोवंश,श्री मधुसूदन गोशाला, में धामंदा द्द 272 गोवंश, भैंसवा माता गोशाला, भाग 1 102 गोवंश श्री भैंसवा माता गोशाला, भाग 106 गोवंश, ग्राम पंचायत संडावता गोशाला 100 गोवंश ग्राम पंचायत मेंहरी मोटी दोबड़ा जमीदार 80 गोवंश, ब्यावरा मांडू गौशाला 100 गोवंश। पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी गोशालाओं में टीकाकरण एवं टैगिंग का कार्य कराया जा रहा है लेकिन निरीक्षण में यह बात सामने आई कि गोशाला संचालक गोवंश को खुले में छोड़ देते हैं और कई बार ग्रामीणजन द्वारा रोजाना नए गोवंश गोशालाओं में छोड़ दिए जाते हैं, जिससे टैगिंग की प्रक्रिया बार-बार बाधित हो रही है।

### इनका कहना है

पशुपालन विभाग सारंगपुर का कहना है कि विभाग लगातार टैगिंग एवं टीकाकरण कार्य में जुटा हुआ है और हर परिस्थिति में कार्य को अंजाम देने का प्रयास कर रहा है। गोशाला संचालकों द्वारा बताई गई समस्या के अनुसार, वर्षा ऋतु में ग्रामीणों द्वारा छोड़े गए नए गोवंश की वजह से टैगिंग में निरंतर बाधा उत्पन्न हो रही है। इसके बावजूद विभागीय अमला निरंतर सक्रिय है।

डॉ अमित शाक्य, पशु चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड सारंगपुर

मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा

# रेस्ट हाउस में विधायक की अध्यक्षता में मंडल टोली की बैठक आयोजित

**नरसिंहगढ़।** आगामी सात अगस्त को मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर रविवार को रेस्ट हाउस में विधायक मोहन शर्मा की अध्यक्षता में विधानसभा की मंडल टोली की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री के स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री नरसिंहगढ़ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान श्लाड़ली बहना योजनाश के तहत पात्र बहनों के खातों में 1500 की राशि सीधे ट्रांसफर करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लाभार्थी बहनों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में मंडल स्तर के पदाधिकारियों, ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए।



# सेवानिवृत्त हुए प्रकाश सिंह, कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया विदाई समारोह आयोजित

**ब्यावरा।** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में लंबे समय से कार्यरत एवं स्टे नंबर-2 और शस्त्र लाइसेंस शाखा के वरिष्ठ कर्मचारी प्रकाश सिंह की सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीना विदाई समारोह कलेक्टर सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, उनके परिजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समारोह में प्रकाश सिंह को उनके उत्कृष्ट सेवाभाव, विनम्र आचरण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए



पुष्पमालाओं, साफा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथी कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके साथ बिताए गए क्षणों को साझा किया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि सिंह के परिजनों ने भी समारोह में भाग लेकर उनके सेवा-जीवन पर गर्व व्यक्त किया। समारोह के दौरान माहौल आत्मीयता और भावनाओं से भरा रहा। प्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा, यह सेवा मेरे लिए सम्मान का विषय रही। कार्यालय मेरे परिवार जैसा रहा है, और आप सभी मेरे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने सभी सहकर्मियों का आभार जताते हुए उन्हें स्नेहपूर्वक अलविदा कहा। समारोह में मौजूद सभी लोगों ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।

प्रजापिता संस्था में आयोजित हुआ योग तपस्या कार्यक्रम

# ‘नकारात्मकता को त्यागकर अपनी जीवनशैली में लाने होंगे परिवर्तन’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रजापिता ब्रहाकुमारीज संस्था के तत्वावधान में पवित्र श्रावण मास में सर्व दुखी एवं अशांत आत्माओं को शांति का दान देने के उद्धेश्य से संस्था की मातृशक्तियों द्वारा विशेष योग तपस्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन ब्रहाकुमारीज की जिला प्रभारी मधु दीदी, ब्यावरा सेवाकेंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी, जीरापुर सेवा केंद्र संचालिका बी.के. नम्रता और खिलचीपुर केंद्र संचालिका नीलू दीदी ने किया।

कार्यक्रम के दौरान बताया कि वर्तमान समय में नकारात्मकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। मानव मन में ईष्या, नफरत आदि



दुर्भाव संबंधों में दूरियां बढ़ा रहे हैं। मन को परमात्मा में लगाकर निर्मल बनाने एवं संबंधों में मधुरता लाने के उद्धेश्य से इस योग साधना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मधु दीदी ने कहा कि हमें नकारात्मकता को त्यागकर कर्म और योग में बेलेंस रखते हुए जीवनशैली में परिवर्तन लाने होंगे। उन्होंने कहा कि हमें हर परिस्थिति में संतुष्ट रहना है और प्रत्येक आत्मा के प्रति शुभभावना रखनी है। कार्यक्रम के दौरान मित्रता दिवस भी मनाया गया एवं भगवान को अपना सच्चा मित्र बनाने और उनसे मदद प्राप्त करने के संदर्भ में सुंदर नाटिका की प्रस्तुति भी की गई साथ ही आध्यात्मिक गेम्स द्वारा सभी का उत्साहवर्धन किया गया।

# हिमालेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक

**शुजालपुर।** सावन माह के अंतिम सोमवार को ग्राम टांडा से सैकड़ो महिलाओ द्वारा कलश व कावड यात्रा प्रारंभ की गई। कलशो मे पवित्र जल भरकर डी जे धुन पर महिलाओं के द्वारा नृत्य करते हुए 15 किलोमीटर का पैदल मार्ग तय करके ग्राम खड़ी मोरटाकेवडी



होते हुए हिमालेश्वर धाम पहुंची जहा पर कलशो के जल से जलाभिषेक किया गया कावड व कलश यात्रा मे भजन कीर्तन करती हुई महिलाएं शिव भक्ति मे लीन नजर आई और पूरा वातावरण श्रावण मास का अंतिम सोमवार होने से शिवमय हो गया साथ ही महिला पुरुष श्रद्धालुओ ने शिव भजनों पर जमकर नृत्य किया महिला भक्त मंडल के साथ टांडा सरपंच पोप सिंह धाकड बने सिंह धाकड ने बताया कि महिला मंडल द्वारा सावन माह के अंतिम सोमवार पर शिव आराधना के तहत कलश यात्रा का आयोजन किया गया था आज उसी संदर्भ मे कलश यात्रा राम मंदिर से निकली गई और मोरटाकेवडी स्थित बाबा हिमालेश्वर को जल अर्पित कर ग्राम के साथ परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई इस यात्र का स्वागत ग्राम खडी के सरंपच वैष्णावी अरुण मालवीय समाजसेवी व पूर्व सरपंच राजेन्द्र सक्सेना के द्वारा कैले वितरण कर किया गया पूरी यात्रा मे पोलायकला चौकी प्रभारी रामेश्वर पटेल मुस्तेदी के साथ रहे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए खाद्य पदार्थों के सैम्पल

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं डॉ० राजकुमार ऋषीश्वर अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला गुना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट के विरूद्ध अभियान अंतर्गत खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जाँच



एवं सैंपलिंग की कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग कार्यवाही की। टीम ने लक्ष्मीगंज, गुना स्थित मित्तल एजेंसी से सरसों तेल, चाय, नमक, नयापुरा, गुना स्थित बेस्ट चॉइस सुपरमार्ट से धनिया पावडर, हल्दी पावडर, घी, शास्त्री मार्केट गुना स्थित कंचन किराना स्टोर से मैथीदाना, बेसन, सरसों तेल एवं बालाजी किराना स्टोर से सरसों तेल, तिली तेल, धनिया पावडर, केन्ट चौराहा, गुना स्थित गर्ग इन्टरप्राइजेज से चायपत्ती, सरसों तेल, पास्ता एवं जैनम्-स्टोर से तुअर दाल, बेसन, घी के सैम्पल जाँच हेतु संग्रहित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे हैं, जिनकी जांच रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर कन्याल के निर्देशानुसार मिलावट के विरूद्ध अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच एवं सैम्पलिंग कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।